ई-12012/2/2018-हिंदी
भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग,
नई दिल्ली -110001
दिनांक: 20 नवंबर, 2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय : मंत्रालय में वर्चुअल ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन ।

मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना सरकारी काम-काज मूल रूप से हिंदी में करने में होने वाली झिझक और कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से **'हिंदी अनुवाद और कामकाज में ई- टूल्स का उपयोग' विषय पर** दिनांक **27 नवंबर, 2020 को अपराहन 14:30 बजे से 17:00 बजे तक** कोविड-19 को देखते हुये एक **वर्चुअल ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण के लिए वे सभी अधिकारी और कर्मचारी पात्र हैं, जिन्हें हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान या प्रवीणता प्राप्त है। यह कार्यशाला हिंदी में सरकारी कामकाज करने में सहायता देने के साथ ही अत्यंत उपयोगी है, जिसमें श्री केवल कृष्ण, तकनीकी निदेशक (सेवानिवृत्त),राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

2. अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला में न केवल आप सभी अधिकारीगण भाग लें अपितु अपने-अपने अधीनस्थ अनुभागों से कम से कम एक अधिकारी और कर्मचारी का नामांकन करें। हिंदी कार्यशाला में नामित कार्मिकों का विवरण संलग्न प्रपत्र **(अनुबंध 'क')** में भरकर **दिनांक 25 नवंबर, 2020 तक** हिंदी अनुभाग को भिजवा दें।

संलग्नक : **यथोपरि**

(नारायण मल्या)

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
कृते सहायक निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष 011-23320981, इंटर कॉम-5011
ई-मेल : nirmala.pahwa@nic.in/ narayana.ml11@nic.in

प्रति,

सभी अवर सचिव एवं समकक्ष अधिकारी,
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

अनुबंध 'क'

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

दिनांक: 27.11.2020 को आयोजित होने वाली हिंदी कार्यशाला के लिए नामांकन प्रपत्र

अनुभाग का नाम : ....

'हिंदी अनुवाद और कामकाज में ई-टूल्स का उपयोग' नामक विषय पर मंत्रालय में दिनांक **27 नवंबर, 2020 को अपराह्न 14:30 बजे से 17:00 बजे तक** आयोजित की जाने वाली वर्चुअल ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला में प्रशिक्षण के लिए निम्नलिखित कार्मिक/कार्मिकों को नामांकित किया जाता है:

क्र.सं.	नाम	पदनाम	हिंदी का ज्ञान	मोबाइल नं.
1.				
2.				
3.				
4.				

नामित कार्मिक/कार्मिकों को निदेश दिया जाता है कि आप उक्त कार्यशाला में भाग लें ।

नामित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर ....

नाम: ....

पदनाम: ....

इंटर कॉम. : ....

प्रति,

सहायक निदेशक (राजभाषा),
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय,
कमरा नं. 11, भू-तल,
परिवहन भवन, नई दिल्ली